an>

Title: Need to impress upon Government of Uttar Pradesh to protect the crops from roaming cattle abandoned by cattle owners under 'Anna Pashu Pratha' in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) ः मेरा लोकसभा क्षेत्र जालौन गरौठा भोगनीपुर जो कि बुंदेलखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहाँ पर किसानों ने पिछले तीन वर्षों से सूखे एवं ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने के बाद इस साल किसी तरह रबी की फसल बोई है, लेकिन अन्ना पशु प्रथा के कारण उनके खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो रही है। इस प्रथा में विशेष रूप से अवारा गाय एवं बछड़े बड़ी संख्या में लगभग 1000 से 1500 तक झुण्ड में चलते हैं तथा जिस क्षेत्र में पहुँच जाते हैं, वहाँ की फसल को बर्बाद कर देते हैं। इस कारण सर्दी के समय में किसानों को अपनी फसल बचाना मुश्किल हो रहा है। किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली में खड़े रहते हैं। अतः मेरी केंद्र सरकार से माँग है कि उक्त समस्या पर राज्य सरकार को निर्देशित कर ग्राम सभा स्तर पर इस प्रथा को रोकने हेतु तारों की चारदीवारी/बाउण्ड्री बनवाने का कष्ट करें।